# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 31-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆"राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत हरी झंडी दिखाकर दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 31अक्टूबर, 2025 को लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वीं जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद सिद्धार्थनगर में "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत थाना सिद्धार्थनगर पर हरी झण्डी दिखाते हुए थाना सिद्धार्थनगर से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन तक दौड़ लगायी गयी एवं आमजन में राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 31-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆"राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत आमजनमानस व स्कूली बच्चों के साथ दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 31अक्टूबर, 2025 को लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150 वीं जयंती "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपनें थाने पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण व आमजनमानस/स्कूली बच्चों के साथ "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को चरितार्थ करते हुए हमारे देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को संरक्षित और सशक्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से "Run For Unity" कार्यक्रम के तहत दौड़ लगायी गयी एवं आमजन में राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2022 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

आज दिनांक 31.10.2025 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कार्यालय पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित, अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2022 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर “राष्ट्रीय एकता दिवस” के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपनें-अपनें सर्किल/थानों पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

आज दिनांक 31.10.2025 को “राष्ट्रीय एकता दिवस” के अवसर पर डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा अपनें-अपनें अधीनस्थ नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

प्रेस नोट दिनांक 30.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा सामुहिक दुष्कर्म के 02 आरोपियों व 01 बाल अवचारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रसांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में तथा श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री सदरूल आलमीन थाना प्रभारी कपिलवस्तु के नेतृत्व में आज दिनांक 30.10.2025 मु0अ0सं0 77/2025 धारा- 70(1) बीएनएस, 5(छ)/6 पाक्सो एक्ट व 66 E आईटी एक्ट थाना कपिलवस्तु जनपद सि0नगर से सम्बन्धित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण....

1. मोहम्मद हकीक पुत्र अब्दुल वकील उम्र करीब 53 वर्ष साकिन पचंगवा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर
2. अफरोज अहमद पुत्र फिरोज अहमद उम्र लगभग 21 वर्ष साकिन पचंगवा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर
3. अबू जैद पुत्र शौकत अली उम्र करीब 17 वर्ष साकिन पचंगवा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर (बाल आपचारी)

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. नि0 श्री रामाप्रसाद यादव थाना व जनपद सि0नगर
2. मु0आ0 अभिषेक गिरी थाना व जनपद सि0नगर
3. आरक्षी आलोक कुमार थाना व जनपद सि0नगर

प्रेस नोट दिनांक 31-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 31.10.2025 को जिला जज, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा सीएमओ सिद्धार्थनगर के साथ संयुक्त रूप से जिला कारागार सिद्धार्थनगर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजनालय, बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर मे निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

प्रेस नोट दिनांक 31.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा 01 वांछित को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, व क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत कुमार राय के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 108/2025 अन्तर्गत धारा 281,106(1) बी.एन.एस. व 184 एमवी एक्ट, में दिनांक 31.10.2025 को अभियुक्त के डीएल न होने के उपरान्त धारा 105 बी0एन0एस0 की बढोत्तरी करते हुये मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त को दिनांक 31.10.2025 को थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा ग्राम करमा बाजार से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1.राकेश गौतम पुत्र हरिवंश निवासी ग्राम टिकरी पकड़िया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.उ0नि0 मृत्युंजय मिश्र थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर

2. का0 सौरभ सिंह थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनाँक 31/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर

शक्ति दीदी अभियान

मिशन शक्ति अभियान

नारी सुरक्षा

नारी सम्मान

*साइबर जागरुकता*व

*(गुड टच बैड टच)

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 श्री अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 31/10/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी श्री सुजीत राय तथा *प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत आज थाना स्थानीय पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर थाना स्थानीय पर आयोजित कार्यक्रम रन फॉर यूनिटी पर सेंथ मैरी कान्वेंट कीं छात्राओं को बुलाया गया जिसमे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत व साइबर जागरूकता के अंतर्गत बालिकाओं को बुलाया गया उनको गुड टच और बेड टच को बताते हुवे मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया कार्यक्रम के उपस्थित समस्त स्टापगण द्वारा बच्चियों को जागरूकता का पाठ बताते हुवे कीं अपनी सुरक्षा कैसे करे कौन सा हेल्प लाइन नंबर का प्रयोग कब करे एवं सरकार द्वारा बिभिन्न सरकारी योजनाए जैसे

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

मातृ शक्ति को सम्बल

निराश्रित महिला पेंशन योजना

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा बालिकाओं/महिलाओ के साथ होने वाले अपराध व बचाव के बारे में जानकारी दी गयी व मिशन शक्ति फेज 5.0* कार्यक्रम के अंतर्गत

जानकारी देते हुए

विभिन्न हेल्पलाइन नंबर-

👉 112, पुलिस आपातकालीन सेवा

👉 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन

👉 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

👉 108, एंबुलेंस सेवा

👉 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन

👉 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन

👉 102, स्वास्थ्य सेवा

👉 181 वीमेन हेल्पलाइन

👉 101अग्निशमन सेवा

के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम

1, उप निरीक्षक अयोध्या यादव

2, मा,०का०, प्रतिमा दुबे

3, मा०का०, पारुल यादव

4,मा०का० शिप्रा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 31.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना भवानीगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 28.10.2025 को वाद सं0 763/2019 मु0अ0सं0-38/2004 धारा 352,504,426 भादवि थाना भवानीगंज मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0 डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त बब्बू उर्फ जावेद मलिक पुत्र भीखुल्लाह निवासी विथरिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 2,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जज कुमार राना तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सौरभ अग्रहरी थाना भवानीगंज का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 31.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना भवानीगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 02 आरोपीयों को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को ₹ 2,000/-2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 17.10.2025 को वाद सं0 608/2023 मु0अ0सं0-111/2017 धारा 323,504 भादवि थाना भवानीगंज मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0 डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त01-रामजियावन पुत्र पंचम 02-जोखई पुत्र दुखी निवासीगण विथरिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व प्रत्येक को ₹ 2,000/-2,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जज कुमार राना तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सौरभ अग्रहरी थाना भवानीगंज का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 31/10/2025 जनपद सिद्धार्थ नगर

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 तथा तथा नए कानून के बारे में महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो व फिल्म दिखाकर, नये कानून के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता व नये कानून के बारे मे अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 31/10/2025 प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के पिपरी पांडे गाँव की महिलाओ को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं साइबर जागरुकता अभियान व विडीयो दिखा कर जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम का विवरण-

01-उ0नि0 रामनारायण शुक्ला महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

02-म0आ0 हसीना खातून महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

03-म0आ0 शिवानी सिंह महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 31/10/2025 जनपद सिद्धार्थ नगर

◆ थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 तथा नए कानून के बारे में महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो व नये कानून के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता व नये कानून के बारे मे अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 31/10/2025 को प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र के अल सहारा हॉस्पिटल हुसैनगंज, माई छोटा स्कूल शेख नगर, हाईडिल तिराहा व आदि जगहों पर जाकर पम्पलेट वितरित किया गया। उनकी समस्याओं को सुना गया,उचित परामर्श के साथ काउन्सलिंग किया गया। खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

मिशन शक्ति टीम-

01-उ०नि०पन्नेलाल थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02-हे०का०प्रदीप कुमार यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03-म०हे०का० संगीता सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

04-म०का०अन्नप्रिया वर्मा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

05-म०का०अनिशा सरोज थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 31/10/2025 जनपद सिद्धार्थ नगर

◆ थाना एएचटीयू पुलिस द्वारा श्रम प्रवर्तन अधिकारी सिद्धार्थनगर की संयुक्त टीम के साथ थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर में पड़ने वाले ढाबें, दुकानों, वर्कशॉप, गैराजों आदि संदिग्ध स्थानों पर रेस्क्यू/चेकिंग की गयी।

◆एएचटीयू व श्रम विभाग सिद्धार्थनगर की संयुक्त टीम द्वारा 06 बच्चों को रेस्क्यू कर उनके परिजनों को सुपुर्द कराया गया व श्रम अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा वर्कशॉप / दुकान मालिक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

आज दिनांक 31.10.2025 अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0 प्र0 लखनऊ के अनुपालन में अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास,किशोर श्रम उन्मूलन विशेष अभियान के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, प्र0 नि0 राम कृपाल शुक्ला मय हमराह उ0नि0 भीम सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण थाना एएचटीयू पुलिस कार्यालय जनपद सिद्धार्थनगर व श्री उज्जवल त्रिपाठी श्रम प्रवर्तन अधिकारी सिद्धार्थनगर की संयुक्त टीम के साथ थाना क्षेत्र कोतवाली जनपद सिद्धार्थनगर क्षेत्र में पड़ने वाले ढाबें,दुकानों,वर्कशॉप,गैराजों आदि संदिग्ध स्थानों पर अभियान के अन्तर्गत मानव तस्करी/अनैतिक देह व्यापार ,बालश्रम/बाल बंधुआ मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह की रोकथाम हेतु इत्यादि सम्भावित स्थानों पर रेस्क्यू/चेकिंग चेकिंग की गयी तो 06 बालक बालश्रम करते हुये मिले , तो एएचटीयू व श्रम विभाग सिद्धार्थनगर की संयुक्त टीम द्वारा बच्चें को रेस्क्यू कर उनके परिजनों को सुपुर्द कराया गया व श्रम अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा वर्कशॉप / दुकान मालिक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी। एएचटीयू व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दुकानों, वर्कशाप ,गैराजों,दुकानों आदि के मालिकों कों कड़ी हिदायत दी गयी कि किसी भी

18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिक बालक/बालिका से काम न करायें न ही काम पर रखें। दौराने चेकिंग टीम द्वारा मानव तस्करी , बाल श्रम , बाल भिक्षावृत्ति न कराने सम्बन्धी आवश्यक निर्देशों से आम जनमानस को जागरूक किया गया।